संख्या-27/2016/आर-3288/26-3-2015-798/(सी.पी.एल.)/2014

प्रेषक

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनुसचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उप्र0लखनऊ

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 09 फरवरी 2016

विषयः-अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत सी0पी0एल0 प्रशिक्षण कोर्स हेतु चयनित छात्र श्री अंकित वर्मा पुत्र श्री जगतनारायन वर्मा को कार्मशियल पाइलेट लाइसेन्स कोर्स हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय, समाज कल्याण के पत्रांक-2505/स.क./शिक्षा-अ/सी.पी.एल./2015-16 दिनांक-24.09.2015 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कार्मशियल पाइलेट लाइसेन्स प्रशिक्षण कोर्स हेतु चयनित श्री अंकित वर्मा पुत्र श्री जगत नारायन वर्मा, ग्राम भूमाउ, पोस्ट, असोहा जनपद-उन्नाव को उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की कुल धनराशि रूपया-33,32,000/- (रूपया तैतिस लाख बत्तीस हजार मात्र) के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 33 प्रतिशत धनराशि पूर्णांक में रूपया-10,99,560/-(रूपया दस लाख निन्यानबे हजार पांच सौ साठ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के अनुदान संख्या-83 के आयोजनागत पक्ष में प्राविधानित धनराशि जिसकी स्वीकृति पूर्व में निर्गत करके आपके निर्वतन पर रखी गयी हैं, से भुगतान की अनुमति प्रदान की जाती है।

2- निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के पत्र दिनांक-13.08.2015 में दिये गये निर्देशो के क्रम में सम्बन्धित छात्र को द्वितीय किश्त के रूप में 33 प्रतिशत की शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान तभी किया जायेगा जब सम्बन्धित छात्र द्वारा 50 घंटे का फ्लांइग प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक-30 मार्च 2015 में निहित व्यवस्था के अधीन जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनुसचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ0संख्या-27/2016/आर-3288/(1)/26-3-2015 तददिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी/लेखापरीक्षा) प्रथम उ0प्र0, इलाहाबाद।

2-निदेशक, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन नई दिल्ली।

3-कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।

4-वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3 वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

5-समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/गार्डफाइल/इन्टरनेट प्रति।

आज्ञा से

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।